# सरिया कॉलेज में को ले इंडक्शन मीट का आयोजन

**सरिया.** सरिया कॉलेज सत्र 2026-30 के नये छात्रों के स्वागत के लिए इंडक्शन मीट (दीक्षारंभ कार्यक्रम) का आयोजन शुक्रवार को किया गया. अध्यक्षता कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ संतोष कुमार लाल ने की. कार्यक्रम का विषय प्रवेश डॉ श्वेता ने किया. पॉवर प्वाइंट प्रजेंटेशनेशन के माध्यम से प्रभारी प्राचार्य ने छात्रों का स्वागत करते हुए कॉलेज, पाठ्यक्रम, आंतरिक एवं बाह्य परीक्षा प्रणाली के संबंध में विस्तार जानकारी दी. नये छात्रों का परिचय सभी शिक्षकों व शिक्षकेतर कर्मचारियों से कराया गया.



कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी. फोटो . प्रभात खबर

कॉलेज में उपलब्ध स्टूडेंट सपोर्ट सर्विसेज से भी अवगत कराया गया. उन्होंने कॉलेज के पिछले वर्षों की उपलब्धि भी छात्रों के साथ साझा किया.

**कॉलेज की गतिविधियों व क्लबों की दी गयी जानकारी :** अलका रानी जोजो ने छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए कॉलेज व विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित गतिविधियों और क्लबों की विस्तृत जानकारी दी. प्रो जितेंद्र कुमार व प्रो असित दिवाकर ने खेलकूद तथा राष्ट्रीय सेवा योजना से संबंधित गतिविधियों पर प्रकाश डाला. डॉ प्रमोद कुमार ने छात्रों को आचरण व अनुशासन पर मार्गदर्शन दिया. कार्यक्रम का संचालन डॉ श्वेता ने और धन्यवाद ज्ञापन डॉ आशीष कुमार सिंह ने किया. मनीषा कुमारी, निशा कुमारी, खुशबू कुमारी व प्रिया कुमारी ने सामूहिक स्वागत गान प्रस्तुति किया. रघुनंदन हजाम, कार्तिक यादव, अरुण कुमार, डॉ अरुण कुमार, चायरा निशा आइंद, डॉ शीलेश मोहन, शिक्षकेतर कर्मचारी सहित नये छात्र-छात्राएं मौजूद थे.

जांच तथा आवश्यकतानुसार नाम सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# कालेज में नए छात्रों का स्वागत, पाठ्यक्रम के बारे जानकारी दी

**संस, जागरण● सरिया (गिरिडीह) :** सरिया कालेज में शुक्रवार को नए सत्र 2026-30 के नए छात्रों के स्वागत के लिए स्वागत समारोह किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कालेज के प्रभारी प्राचार्य डा संतोष कुमार लाल ने की। पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रभारी प्राचार्य लाल ने छात्रों का हार्दिक स्वागत करते हुए कालेज, पाठ्यक्रम, आंतरिक व बाह्य परीक्षा प्रणाली की जानकारी दी। प्रो अलका रानी जोजो ने छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए कालेज व विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित विभिन्न गतिविधियों और क्लबों की विस्तृत जानकारी दी। जितेंद्र कुमार, असित दिवाकर ने खेल-कूद तथा राष्ट्रीय सेवा योजना से संबंधित गतिविधियों पर प्रकाश डाला। डा प्रमोद कुमार ने छात्रों को आचरण, अनुशासन पर मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम का संचालन डा श्वेता ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डा आशीष कुमार सिंह ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत मनीषा कुमारी, निशा कुमारी, खुशबू कुमारी, प्रिया कुमारी ने सामूहिक स्वागत गीत की प्रस्तुति दी।


एक मात्र विश्वसनीय

**चेतक**

Date : 07.08.2026

| Draw Time | 2nd Pr.No. | Draw Time | 2nd Pr.No. |
|---|---|---|---|
| 09.00 a.m. | 02 | 02.30 p.m. | 07 |
| 09.30 a.m. | 60 | 03.00 p.m. | 22 |
| 10.00 a.m. | 51 | 03.30 p.m. | 96 |
| 10.30 a.m. | 90 | 04.00 p.m. | 69 |
| 11.00 a.m. | 46 | 04.30 p.m. | 03 |
| 11.30 a.m. | 32 | 05.00 p.m. | 75 |
| 12.00 noon. | 70 | 05.30 p.m. | 83 |
| 12.30 p.m. | 88 | 06.00 p.m. | 86 |
| 01.00 p.m. | 41 | 06.30 p.m. | |
| 01.30 p.m. | 31 | 07.00 p.m. | |
| 02.00 p.m. | 38 | Contact for result: | |

011-40451770,011-40451771,011-40451772

www.playindialottery.com

For Details, Contact : 09555999608


